हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस देश के नागरिक के रूप में यह सुनिश्चित करना हमारा प्रमुख दायित्व है कि हम अव्यवस्था को सामान्य न होने दें। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए जो हमारी प्रगति के प्रति शत्रुतापूर्ण प्रवृत्ति, और बुरे इरादे रखते हैं। उपराष्ट्रपति जो पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं कल चंडीगढ़ में विश्वविद्यालय परिसर में 5वें वैश्विक पूर्व छात्र सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।इस कार्यक्रम में संस्थान की विरासत और उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए दुनिया भर के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र एकत्रित हुए थे।श्री धनखड़ ने कहा कि ऐसी ताकतें शक्तिशाली हैं क्योंकि उन्हें वित्तीय शक्ति से ऊर्जा मिलती है । उन्होंने कहा कि जब लोग इसके शिकार होते हैं तो वे एक पल के लिए राष्ट्र-प्रथम सिद्धांत को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम इस देश में राष्ट्रवाद या विकास की कीमत पर राजनीति करने का जोखिम नहीं उठा सकते। उन्होंने राष्ट्र के हित की बात आने पर पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रवृत्ति केवल राष्ट्रवाद से प्रेरित होती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस बात से दुख और परेशानी है कि कुछ राज्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को नहीं अपनाया है। यह किसी भी तर्कसंगत आधार पर समझ से परे है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत, बुद्धिजीवियों और पत्रकारिता जगत के लोगों को यह दबाव बनाना चाहिए था।

****

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कल सिरसा में तेजा खेड़ा में कहा कि आज अन्नदाता से संबंधित प्रकरण संवाद और संवेदना से निर्णीत होने की आवश्यकता है।कल चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के अंतिम संस्कार में शामिल होने

के मौके पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि अन्नदाता आर्थिक समृद्धि का आधार है, सामाजिक समरसता का सूत्रधार है। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण ही देश की प्रगति का रास्ता है और यही देश हित में भी है।पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री जगदीप धनखड़ ने चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के साथ अपने संबंधों का जिक्र किया और कहा कि 7 बार विधायक रहना और 5 बार मुख्यमंत्री बनना उन को परिभाषित नहीं करता बल्कि किसान, गांव का विकास उनकी प्राथमिकताएं और संकल्प था।जीवन पर्यंत उन्होंने अपने को किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित किया।

****
****

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सरकार के सौ दिवसीय सघन तपेदिक उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की । श्री नड्डा ने अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मुख्यमंत्रियों से सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने अभियान को कारगर बनाने के लिए विधायकों के सहयोग का भी आह्वान किया।

****
****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की कुर्बानी की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी।मुख्यमंत्री के ओ एस डी डा. प्रभलीन सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है।26 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में गुरद्वारा छठी पातशाही में बाल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी

शिरकत करेंगे।उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में साहिबजादो की कुर्बानी से संबंधित विषय पर सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में निबंध लेखन, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।इसके अलावा मुख्यमंत्री का साहिबजादों की कुर्बानी के बारे में संदेश भी प्रसारित किया जाएगा।

****
****

पंजाब में कल शाम चंडीग□ के पास मोहाली में एक बहुमंजिला इमारत के □हने से एक महिला की मौत हो गई और लगभग 15 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सेना और पुलिस मलबे में दबे लोगों की तलाश तथा बचाव का कार्य कर रहे हैं।